>

Title: Request for cleaning of Ghaggar river in Sirsa Parliamentary Constituency.

सुश्री सुनीता दुग्गल (**सिरसा**): माननीय अध्यक्ष जी, बहुत दिनों के बाद मेरा बोलने का नम्बर आया है। हालांकि, कल आपने शून्यकाल बहुत लम्बे समय तक चलाया।

मेरे क्षेत्र सिरसा में एक घग्गर नदी जाती है। पंजाब की फैक्ट्रियों का प्रदूषित जल उसमें आता है और हमारे यहाँ तक आते-आते वह इतनी प्रदूषित हो जाती है कि उसमें से बदबू आती है, जिससे वहाँ के लोग बहुत ही परेशान हैं।

जल संसाधन मंत्रालय से मेरी गुजारिश है कि जैसे बड़ी नदियों के लिए प्रोविजन रखा गया है, उनकी सफाई के लिए एक खास प्रावधान है। चूंकि घग्गर नदी भी एक बरसाती नदी है, इसलिए मैं चाहती हूँ कि मंत्रालय का ध्यान इस तरफ भी जाए। अगर इस नदी का जल साफ हो जाए, तो आसपास के क्षेत्र को कृषि में लाभ होगा। वहाँ रतिया क्षेत्र है, जहाँ से मैं पहले विधान सभा सदस्य भी रह चुकी हूँ, वहाँ के लोगों की यह बड़ी समस्या है। उन लोगों की यह समस्या हल हो जाए, तो मैं आभारी रहूँगी।

माननीय अध्यक्ष: श्री राहुल कास्वां को श्रीमती सुनीता दुग्गल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।